राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान)

बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067
दूरभाष (कार्यालय): 91-11-26165959, 26166441, 26188485, 26107773
फैक्स: 91-11-26101623, ई.मेल: info@nihfw.org
वेब साईट: www.nihfw.ac.in

The National Institute of Health and Family Welfare
(An Autonomous Institute under Ministry of Health & Family Welfare, Government of India)

Baba Gangnath Marg, Munirka, New Delhi-110067
Phones: 91-11-26165959, 26166441, 26188485, 26107773
Fax: 91-11-26101623, E-mail: info@nihfw.org
Web Site: www.nihfw.ac.in

पत्रांक: एचसी/07/2023-हिंदी कक्ष
दिनांक: 26.11.2026

सेवा में,

निदेशक/ कुलसचिव/ विभागाध्यक्ष,
संबंधित संस्थान/ विश्वविद्यालय/संगठन।

विषय: अर्धवार्षिक हिन्दी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' के मार्च, 2027 अंक हेतु लेख एवं रचनाएँ आमंत्रित करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत वित्तपोषित एक शीर्षस्थ तकनीकी संस्थान है। संस्थान शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं परामर्श सेवाओं के माध्यम से देश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर ज्ञान, अनुभव एवं नवीन विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा हिन्दी भाषा में मौलिक एवं रचनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा अर्धवार्षिक हिन्दी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' का नियमित प्रकाशन किया जाता है। पत्रिका का प्रकाशन वर्ष में दो विशेषांकों के रूप में किया जाता है। इसके अंतर्गत मार्च माह में स्वास्थ्य से संबंधित विविध विषयों पर केंद्रित 'जन स्वास्थ्य विशेषांक' तथा सितंबर माह में हिन्दी भाषा एवं साहित्य को समर्पित 'भाषा एवं साहित्य विशेषांक' प्रकाशित किया जाता है। सितंबर माह में प्रकाशित नवीनतम अंक 'जन स्वास्थ्य धारणा :साहित्य विशेषांक' आपके संदर्भार्थ एवं कार्यालय स्तर पर प्रसारित करने हेतु संलग्न है।

इसी क्रम में पत्रिका के आगामी मार्च, 2027 अंक के प्रकाशन हेतु देशभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों, राजभाषा अधिकारियों, साहित्यकारों तथा अन्य इच्छुक लेखकों से हिन्दी भाषा में मौलिक एवं अप्रकाशित लेख, शोधपरक आलेख, विचारपरक लेख तथा साहित्यिक रचनाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

प्रस्तावित अंक में हिन्दी भाषा एवं साहित्य, राजभाषा के कार्यान्वयन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य शिक्षा, चिकित्सा विज्ञान तथा इनसे संबंधित समसामयिक एवं प्रासंगिक विषयों पर आधारित रचनाओं को सम्मिलित किया जाएगा। लेख एवं रचनाएँ निम्नलिखित विषयों सहित इनसे संबंधित अन्य प्रासंगिक विषयों पर भी आमंत्रित हैं:

- समसामयिक एवं उभरते जनस्वास्थ्य विषय;
- गैर-संचारी रोग एवं जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य समस्याएँ;
- संक्रामक रोग, महामारी प्रबंधन एवं रोगों की रोकथाम;
- स्वास्थ्य नीतियाँ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य सेवाएँ;
- चिकित्सा विज्ञान, स्वास्थ्य अनुसंधान एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी;
- मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य;
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर स्वास्थ्य;
- जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य;
- हिन्दी का भाषिक स्वरूप तथा व्यावहारिक हिन्दी;

- अनुवाद, प्रयोजनमूलक हिन्दी एवं कार्यालयी हिन्दी;
- राजभाषा नीति का कार्यान्वयन एवं सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग;
- मौलिक निबंध, कविता, कहानी, ललित निबंध, विज्ञान-कथा एवं विज्ञान-कविता।

रचनाएँ प्रेषित करने संबंधी दिशा-निर्देश:

i. लेख एवं रचनाएँ हिन्दी भाषा में टंकित हों। टंकण के लिए यथासंभव मंगल फॉन्ट का प्रयोग किया जाए। लेखों की शब्द-सीमा सामान्यतः 1,000 से 1,500 शब्दों के बीच रखी जाए।

ii. प्रेषित लेख मौलिक एवं अप्रकाशित होने चाहिए। शोधपरक एवं संदर्भ-आधारित लेखों के अंत में संदर्भ-सूची अवश्य संलग्न की जाए।

iii. लेखक अपनी रचनाएँ निम्नलिखित ई-मेल पतों पर प्रेषित कर सकते हैं:
hindicell@nihfw.org, (cc) ankuryadav@nihfw.org, (cc) kalpanamishra@nihfw.org

आगामी अंक के समयबद्ध संपादन एवं प्रकाशन को सुनिश्चित करने के लिए रचनाएँ दिनांक **10 जनवरी, 2027** तक अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दी जाएँ।

आपसे अनुरोध है कि इस पत्र को अपने संस्थान/संगठन के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं अन्य इच्छुक लेखकों के संज्ञान में लाने तथा उन्हें हिन्दी में मौलिक लेखन एवं रचनात्मक योगदान हेतु प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

हमें विश्वास है कि आपके संस्थान/संगठन के विशेषज्ञों एवं लेखकों की सक्रिय सहभागिता से 'जन स्वास्थ्य धारणा' का आगामी अंक ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं समृद्ध बनेगा। इस संबंध में आपके सहयोग की अपेक्षा है।

भवदीय,
अंकुर यादव
(प्रो अंकुर यादव)
संकाय प्रभारी (हिन्दी कक्ष)

प्रतिलिपि:

1. संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों/अनुभाग अधिकारियों/प्रभारियों को आवश्यक सूचना एवं अनुपालन हेतु।
2. संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।
3. निदेशक के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक को सूचनार्थ।
4. उप-निदेशक (प्रशासन) के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक को सूचनार्थ।
5. कंप्यूटर केंद्र - संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।